अपनी नाक का स्वैब नमूना कैसे लें

NYC HEALTH+ HOSPITALS

आज COVID-19 डायग्नोस्टिक टेस्ट करवाने के लिए धन्यवाद! अपनी नाक का स्वैब नमूना लेने के लिए कृपया निम्नलिखित चरणों का पालन करें। यदि आपके कोई प्रश्न हैं या आपको मदद चाहिए तो हम यहाँ आपकी मदद के लिए हैं।

1 नैज़ल स्वैब खोलें

दोनों छोरों को एक दूसरे से दूर खींचकर रैपर में से नैज़ल स्वैब निकालें (जैसे आप एक बैंड-ऐड खोलते हैं)। ध्यान रखें कि केवल हैंडल को छूएं, न कि टिप को।



2 अपनी नाक को स्वैब करें

धीरे से स्वैब की नरम नोक को तब तक एक नथुने में डालें, जब तक आपको लगता है कि आप इसे और आगे नहीं डाल सकते हैं। स्वैब को गोल-गोल 4 बार रगड़ें। स्वैब को धीरे-धीरे बाहर निकालें। उसी स्वैब के साथ अपने दूसरे नथुने में इस कदम को दोहराएं।



3 स्वैब को ट्यूब में डालें

हमने आपको जो ट्यूब दिया है, उसमें पहले टिप डालते हुए, स्वैब रखें। जब टिप नीचे वाले भाग को छूती है, तो इसे तोड़ने के लिए स्वैब के हैंडल को मोड़ें। हमारे स्टाफ के एक सदस्य को अपनी ट्यूब दें, जो अगले चरणों को आपके साथ साझा करेगा।



हम आपके नमूने को प्रयोगशाला परीक्षण के लिए भेजेंगे। जब आपके परिणाम तैयार हो जाएंगे, तो आप उन्हें MyChart के माध्यम से प्राप्त करेंगे।